Speaker made request not to distrupt of the Question Hour

माननीय अध्यक्ष**:** माननीय सदस्यगण, मैं आप सबसे आग्रह करना चाहता हूं कि जिन मुद्दों को, जिन विषयों को आप उठाना चाहते हैं, महामहिम राष्ट्रपति जी के अभिभाषण में आप उन सारे मुद्दों और विषयों को उठा सकते हैं । मैं आप सबको पर्याप्त समय और पर्याप्त अवसर दूंगा ।

? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष**:** मैंने पहले भी कहा है कि कई संसदीय प्लेटफार्म्स, यहां और दूसरी जगह भी निर्णय हुआ है कि प्रश्न काल कभी-भी स्थगित नहीं होना चाहिए । आपको भी इसका प्रयास करना चाहिए । यह आप सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है कि प्रश्न काल चले और प्रश्न काल के बाद आप जो भी विषय उठाना चाहें, बारह बजे उठाएं । आप इस परंपरा को कायम करें ।

? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष**:** आप वर्षों से वरिष्ठ सदस्य रहे हैं, इसलिए मैं आपसे आग्रह करता हूं कि हम संसद की बेहतरीन व्यवस्था को लागू करने का प्रयास करें । हम प्रश्न काल के अंदर संकल्प लें कि प्रश्न काल कभी-भी स्थगित नहीं करने देंगे । ऐसा मेरा आग्रह है ।

? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष**:** अगर आप नारेबाजी करने आए हैं, सदन को नियोजित तरीके से स्थगित करने आए हैं, मेजें थपथपाने आए हैं तो मैं आपसे कुछ नहीं कह सकता, मैं आपसे आग्रह ही कर सकता हूं । मेरा आग्रह करने का अधिकार है इसलिए मैं आपसे आग्रह कर रहा हूं ।

? (व्यवधान)